# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–15 जुलाई 2026** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुयी कैबिनेट बैठक में वाराणसी में वरूणा नदी के किनारे सिक्सलेन और फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने वाराणसी में गंगा नदी के साथ–साथ सिक्सलेन के एलिवेटेड कॉरिडोर को भी स्वीकृति दी।

***काशी में इन्फ्रास्ट्रक्चर का डेवलपमेंट का काम बहुत हुआ है। एक नेक्स्ट लेवल का इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट जो करना है, वो आज दो अप्रूवल हुए हैं बड़े। पहला है वरुणा नदी के किनारे–किनारे कंप्लीट 6–लेन और 4–लेन एलिवेटेड कॉरिडोर। 43 किलोमीटर इसकी लेंथ है। 10,998 करोड़ रुपये की इसकी इनवेस्टमेंट आएगा, यानी 11,000 करोड़ का। हैम मोड में डेवलप होगा, और करीब–करीब 4 साल में कंप्लीट होगा। दूसरा है गंगा जी के साथ–साथ कंप्लीट 6–लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर। 46 किलोमीटर का ये होगा गंगा जी के साथ चलने वाला एलिवेटेड कॉरिडोर। 14,448 करोड़ रुपये का बनेगा।***

कैबिनेट बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी लिये गये। एक रिपोर्ट–

***कैबिनेट ने देश के सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्युफेक्चरिंग इको सिस्टम को मजबूत बनाने के लिये सेमिकॉन टू–प्वाइंट जीरो को भी मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने आत्मनिर्भर भारत के लिये यूरिया–दो हजार छब्बीस की राष्ट्रीय निवेश नीति को भी मंजूरी दे दी। कैबिनेट ने बासठ हजार पांच सौ करोड़ रूपये के बजट के साथ मोबाइल फोन मैन्युफेक्चरिंग की स्कीम को भी स्वीकृति दी है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज से लागू हुआ व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता तथा सामाजिक सुरक्षा समझौता भारत–ब्रिटेन की साझेदारी में एक महत्वपूर्ण क्षण है। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की एक सोशल मीडिया पोस्ट को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत–ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता किसानों, उद्यमियों और सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उद्यमों को नई गति प्रदान करेगा।

**********

विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में रोजगार और उद्यमिता से आत्मनिर्भर बने युवाओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्र सरकार के 12 वर्षों में प्रदेश में हुए कार्यों और उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका कौशलम का विमोचन भी किया गया। अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश के अंदर 9 लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है।

***कोई नौजवान यह नहीं कह सकता कि उसको सिफारिश लगाने की आवश्यकता पड़ी, कोई नौजवान यह नहीं कह सकता कि पैसा देकर के उसका सेलेक्शन हुआ है। कोई सिफारिश से भी नहीं। हर नौजवान की मेरिट, नौकरी। यह सरकारी नौकरी है। सवा तीन करोड़ नौजवान या कारीगर आज अपना स्वयं का एमएसएमई यूनिट का संचालन कर रहे हैं या वहां रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। सवा तीन करोड़! 96 लाख एमएसएमई यूनिट यूपी के पास है, जो यूपी को कभी पहचान दिलाता था।***

आज पूरे देश में स्किल इंडिया मिशन की 11वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में इस मिशन की शुरुआत की थी।

***इस अभियान के तहत लाखों युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने अपनी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से अब तक 6 करोड़ से अधिक युवाओं को सशक्त बनाया है। हर साल स्किल इंडिया मिशन के तहत लगभग 1 करोड़ से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड़ 65 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण मिल चुका है। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

वाराणसी के रुद्राक्ष इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कल पंच सम्मेलन का आयोजन होगा। एक रिपोर्ट–

***सम्मेलन में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड के करीब 500 ग्राम प्रधान शामिल होंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान हिस्सा लेंगे। इस सम्मलेन का उद्देश्य ग्राम पंचायतों को अधिक सशक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनाना है। साथ ही इस सम्मेलन के जरिये वीबी जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों और उद्देश्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों की समझ को भी मजबूत किया जाएगा। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार वाराणसी।***

**********

रायबरेली जिले के बछरावां थाना क्षेत्र में लखनऊ–प्रयागराज मार्ग पर खैरहनी के पास आज सुबह हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गयी, जबकि दो अन्य घायल हैं। यह दुर्घटना उस समय हुई जब लखनऊ से प्रयागराज की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गयी।

**********